## महत्वपूर्ण एवं खास

### मोबाइल सिम के वेरिफिकेशन के नाम पर ठगी, चक्रधरनगर थाने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**रायगढ़।** दिनांक 26.02.2022 को बंगलापारा चक्रधरनगर में रहने वाली सावित्री प्रधान पति अमर कुमार प्रधान (उम्र 46 वर्ष) थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज करायी कि गृहणी का काम करती है, SBI, ADB ब्रांच चक्रधरनगर में एकाउंट है। सावित्री प्रधान बतायी कि अपने निजी उपयोग के लिये बीएसएनएल कम्पनी का सिम रखी है जिससे SBI का एकाउंट जुडा है। दिनांक 16.02.2022 को मोबाईल नम्बर 637044XXXX से फोन आया जो सिम वेरिफिकेशन के लिये कॉल किया हूं कहकर एक नम्बर भेजा और 10 रूपये का शुल्क पटाने बोला। तब सावित्री प्रधान उस नम्बर पर 10 रूपये का फोन-पे की जिसके बाद दिनांक 21.02.2022 को अपने एकाउंट को चेक की तो 18, 19 एवं 20 फरवरी को कुल 3,00,000 रूपये निकाल लिया गया था। पीड़िता के आवेदन पर थाना चक्रधरनगर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 420 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### नहर में युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जिले के पामगढ़ के नहर में एक युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। युवक की उम्र लगभग 30 से 35 के बीच हो सकती है। लाश पानी में भीगकर फूल चुकी है। शव की शिनाख्ती नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ से हेडसपुर जाने वाली नहर में सुबह 8 30 बजे के आसपास कुछ लोगों ने एक युवक की लाश देखी। लाश की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई जिसे देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। युवक लाल रंग का कमीज़ पहना हुआ है और नीचे में अंडरवियर नजर आ रही है युवक की उम्र लगभग 30 से 35 के बीच आंकी जा रही है। नहर में पानी रोकने के लिए बने छोटी दीवाल में लाश फंस गई। पानी अधिक नहीं होने के कारण लाश वहीं पर रुक गई। युवक का चेहरा पानी में डूबे होने के कारण पहचान नहीं हो पा रही है। संभवत युवक दूर किसी गांव का होगा जो बहकर यहां पर आया होगा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

### मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के छात्रों को यूक्रेन से वापस लाने केंद्रीय विदेश मंत्री से की बात

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शाम एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए रवाना होने के पहले मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान बताया कि यूक्रेन में फंसे छत्तीसगढ़ के छात्रों को वापस लाने के लिए कल उन्होंने केंद्रीय विदेश मंत्री से बात की थी। केंद्रीय विदेश मंत्री ने बताया कि छात्रों को यूक्रेन के पड़ोसी देशों से निकाल कर हवाई मार्ग से वापस लाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के बच्चे भी आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबकी चिंता है कि बच्चों की जल्द से जल्द वापसी हो।

### घर में लाखों का दांव खेलते 13 गिरफ्तार

**रायपुर(आरएनएस)।** शहर के गंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक घर पर दबिश देकर 13 जुआरियों को गिरफ्तार कर दांव में लगे 01 लाख 50 हजार रूपये एवं तासपत्ती जब्त किया है। गंजथाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चुनाभ_ी गंज स्थित एक घर में जुआ खेलाया जा रहा था। इस सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार की देर रात में उक्त ठिकाने पर दबिश दी और वहां से मनोज मानिकपुरी पिता सनातन 42 वर्ष सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से दांव में लगे 01 लाख 50 हजार रूपये एवं तासपत्ती भी बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# कृषि के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य की ऊँची छलांग

- ❖ ग्रामीण महिलाएं अब गोबर से बनाएंगी बिजली : भूपेश बघेल
- ❖ मुख्यमंत्री की मौजूदगी में राज्य में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हुए दो महत्वपूर्ण एमओयू
- ❖ राज्य में गोबर से बिजली बनाने और खाद्य पदार्थों के संरक्षण के लिए होगा आधुनिक तकनीक का उपयोग
- ❖ छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य जिसने भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के साथ तकनीकी हस्तांतरण के लिए किया अनुबंध
- ❖ गोबर से बिजली बनाने निसरग्रुना टेक्नोलॉजी का होगा उपयोग
- ❖ छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण और भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के मध्य हुआ एमओयू



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि अब तक विद्युत उत्पादन का कार्य सरकारें और बड़े औद्योगिक घराने करते रहे हैं। यह मिथक छत्तीसगढ़ राज्य में टूटने जा रहा है। राज्य सरकार की मदद से अब गांव की महिलाएं विद्युत उत्पादक बनने जा रही है। राज्य के गौठानों में क्रय किए जा रहे गोबर से स्व-सहायता समूहों की ग्रामीण महिलाएं बिजली बनाएंगी। इसके लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र ट्राम्बे मुम्बई से गोबर से विद्युत उत्पादन की आधुनिक तकनीक निसरगुरना के हस्तांतरण के लिए छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के साथ एमओयू हुआ है। गौठानों में गोबर एवं कृषि अपशिष्ट से बिजली एवं जैव ईंधन के उत्पादन के लिए संयंत्र लगाए जाएंगे।

**गोबर से बिजली बनाने निसरग्रुना टेक्नोलॉजी का होगा उपयोग -** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अपने निवास कार्यालय में गोबर से बिजली उत्पादन एवं खाद्य विकिरण परियोजना के एमओयू कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले तीन सालों में छत्तीसगढ़ ने कृषि के क्षेत्र में तेजी से प्रगति करते हुए पूरे देश को रास्ता दिखाया है। कृषि और किसानों की बेहतरी के लिए कई नए कदम उठाए गए हैं और नए-नए नवाचार हुए है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की सफलता की चर्चा आज पूरे देश में हो रही है। किसानों की आय में बढ़ोत्तरी के लिए फसल उत्पादन एवं गुणवत्ता बढ़ाने तथा मूल्य संवर्धन करने और उनके सुरक्षित भंडारण पर जोर दिया है।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य में खाद्य विकिरण केन्द्र की स्थापना के लिए बोर्ड ऑफ रेडियेशन एवं आइसोटोप टेक्नोलॉजी (बीआरआईटी) परमाणु ऊर्जा विभाग भारत सरकार एवं छत्तीसढ़ राज्य बीज कृषि विकास निगम के मध्य हुए समझौते पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इस आधुनिक तकनीक के जरिए खाद्य पदार्थों विशेषकर फल, सब्जी और दालों को जल्दी से खराब होने से बचाने में और किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने में मदद मिलेगी। छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादन एवं लघु वनोपजों को देश-दुनिया से मार्केट में जगह और अच्छा मूल्य मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर वैज्ञानिको को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जनजीवन से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए लगातार प्रयासरत है। ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण की देश-दुनिया के सामने चुनौती का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वैदिक काल से हमारी परंपरा प्रकृति से लेने और फिर उसे वापस लौटाने की रही है। छत्तीसगढ़ राज्य में बीते तीन सालों में इस परंपरा को मजबूती के साथ हम आगे बढ़ा रहे है। गोधन न्याय योजना के माध्यम से हमने पैरादान की परंपरा की शुरूआत की है। इससे खेतों में पराली जलाने और कार्बन उत्सर्जन पर रोक लगी है।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में वनों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया और कहा कि राज्य का 44 प्रतिशत भू-भाग वनाच्छादित है। हमने जंगलों को बचाकर रखा है, राज्य का बड़ा भू-भाग वनाच्छादित होने के कारण वहां अपेक्षाकृत विकास के कार्य नहीं हो पाते हैं। विकास के लिए बड़े प्रोजेक्ट जैसे सिंचाई के लिए बांध, उद्योग, कारखाने आदि की स्थापना में दिक्कत आती है, परंतु राज्य को इसकी कहीं से कोई भी प्रतिपूर्ति नहीं मिलती है, जबकि छत्तीसगढ़ देश को 16 प्रतिशत ऑक्सीजन की सप्लाई करता है। प्रकृति को कैसे बचाएं और उससे कैसे लाभ लें, इस दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार काम कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य में फूड रेडियेशन टेक्नोलॉजी के उपयोग से किसानों और वनवासियों के आय में और वृद्धि होगी।

कार्यक्रम को कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने भी सम्बोधित किया और कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य के गौठानों में रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क की स्थापना तेजी से की जा रही है। यहां बेहतर उत्पादन एवं लाभ के लिए तकनीक की जरूरत है। भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र से हुए एमओयू के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

इस अवसर पर बीआरसी के डायरेक्टर डॉ. ए.पी. तिवारी, ब्रिट के सीईओ डॉ. प्रदीप मुखर्जी ने गोबर से विद्युत उत्पादन और खाद्य रेडियेशन तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना की सराहना की और कहा कि गौठान और गोधन न्याय योजना के जरिए छत्तीसगढ़ सरकार ने कई उद्दश्यों की पूर्ति की है और कई ज्वलंत समस्याओं का निदान का रास्ता भी दिखाया है।

## वाहन चेकिंग दौरान कोसीर पुलिस के पकड़ में आया शातिर वाहन चोर

### बिना नम्बर के दो बाइक जब्त, भेजा गया रिमांड पर

**रायगढ़।** दिनांक 25/02/2022 को वाहन चेकिंग दौरान कोसीर पुलिस द्वारा अंबेडकर चौक कोसीर के पास उमेश कुमार जोल्हे को बिना नंबर पल्सर बाइक पर घूमते देखा गया जिसके आगे नंबर प्लेट पर "जय माता दी" लिखा हुआ था। वाहन चेकिंग स्टाफ द्वारा उमेश कुमार जोल्हे को पूर्व में वाहन चोरी मामले में संलिप्त होना जानते हुए रोककर वाहन के संबंध में पूछताछ कर वाहन के कागजात की मांग किये जिस पर उमेश कोई कागजात नहीं होना बताया। चोरी की मोटरसाइकिल होने के संदेह पर उमेश जोल्हे को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिससे अन्य मोटर सायकल के संबंध में कड़ी पूछताछ किए जाने पर 2 साल पहले भजन मेला के पास से हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल चोरी कर छिपाकर रखना बताया। आरोपी उमेश कुमार जोल्हे पिता बाबूलाल जोल्हे उम्र 31 वर्ष निवासी उलखर



थाना सारंगढ़ से चोरी की दो बाइक बिना नम्बर पल्सर एवं हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल CG 13 R 4435 दोनों वाहन जुमला कीमती 90,000 रूपये का बरामद कर आरोपी पर धारा 41(1+4) CrPC/379 IPC की कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोसीर उप निरीक्षक जय मंगल पटेल के नेतृत्व में शातिर वाहन चोर से वाहन बरामदगी कार्रवाई में प्रधान.आरक्षक ए.डी. महंत, आरक्षक जीत राम लहरे, सुरेश बर्मन, मुनीराम अनंत, प्रकाश धिरही, दिलेश्वर नेताम की भूमिका सराहनीय रही है।

## जंगली सूअर मारने बिछाये गये 11000 वोल्ट करंट की चपेट में आये दो युवक, एक की मौत एक घायल

❐ लैलूंगा पुलिस तार बिछाने वाले दो आरोपियों को संगीन धाराओं में किया गिरफ्तार



रायगढ़। थाना #लैलूंगा अन्तर्गत ग्राम गमेकेला में बांध के पास गांव के दो युवक जंगली सूअर मारने 11,000 वोल्ट सप्लाई तार में अवैध रूप से हुकिंग कर करीब 1 किलो मीटर तक खुला तार बिछाकर कर रखे थे जिसके चपेट में दो युवक आ गये। एक युवक मौके पर दम तोड़ दिया जबकि एक युवक के हाथ, पांव करंट में जल गये। मामले में लैलूंगा पुलिस एसपी अभिषेक मीणा एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर आरोपियों पर धारा 304,34 भादवि, 135 विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

घटना के संबंध में दिनांक 23/02/2022 को थाना लैलूंगा में एलखियुस भगत पिता हसन भगत उम्र 25 वर्ष निवासी बीरसिंघा पतरापारा थाना - लैलूंगा इसके भाई प्रदीप भगत (20 साल) की आकस्मिक मौत के संबंध में मर्ग इंटिमेशन दर्ज कराया कि इसका भाई प्रदीप भगत और गांव का सुरेश भगत (22 साल) दिनांक 22/02/2022 के शाम 07/30 बजे शादी नाचने गमेकेला संजयपुर मोहल्ला गये थे, जहां से दोनों पैदल घर वापस आ रहे थे कि करीब 11/00 बजे गमेकेला धोबनीमुड़ा के पास जंगल किनारे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा जंगली सूअर मारने के लिए जी.आई. तार को फैलाकर बिजली करंट जोड़ दिया था जिसमें प्रदीप भगत एवं सुरेश भगत फंस गए। सुरेश भगत बच गया और मौके पर प्रदीप भगत की मृत्यु हो गयी है। थाना लैलूंगा के मर्ग क्रमांक 20/22 धारा 174 CrPC दर्ज कर जांच में लिया गया।

मर्द जांच दौरान आहत सुरेश भगत बताया कि गमेकेला से लौटते वक्त धोबनीमुड़ा के पास करंट वाले तार में दोनों फंस गये जैसे-तैसे निकल कर थोड़ी दूर गया और डॉयल 112 को कॉल कर मदद लिया। जांच में गमेकेला गांव के दो युवक रामरतन चौहान और कांति पैकरा द्वारा जंगली सूअर मारने अवैध रूप से 11,000 वोल्ट सप्लाई तार से हुकिंग कर बिछाया गया था, जानते हुये भी कि ऐसे जोखिम कार्य में स्वयं उनकी या फिर किसी और व्यक्ति की मौत हो सकती है। लैलूंगा पुलिस धारा 304, 34 भादवि , 135 विद्युत अधिनियम के तहत दोनो आरोपी रामरतन चौहान पिता पुनीराम चौहान 30 साल तथा कांति पैकरा पिता मानसाय पैकरा 33 साल दोनों निवासी गमेकेला कोलकीपारा थाना लैलूंगा को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया है।

## पुसौर पुलिस की जुआ रेड कार्यवाई में 3 जुआरियों से 19700 रूपये जब्त, छाल पुलिस ने 9 जुआरियों से 13500 रूपये जब्त की

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा एवं एडिशनल एसपी लखन पटेल के दिशा निर्देशन पर जिले में जुआ, सट्टा पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 25.02.22 की रात्रि गस्त दौरान पुसौर थाना प्रभारी उप निरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में पुसौर पुलिस द्वारा ग्राम मल्दा भोलामाल खेत खार के पास जुआ खेल रहे जुआरियों को घेराबंदी कर रेड किया गया। इस दौरान कुछ जुआरियान अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। मौके पर पुलिस टीम ने जुआरी- (1) रघुनाथ साव पिता जीवधन साव उम्र 28 वर्ष सा0 मल्दा (2) रामनरेश राय पिता द्वारिका राय उम्र 48 वर्ष सा0 ठेंगापाली (3) सूरज तांडी पिता दशरथ तांडी उम्र 42 वर्ष सा0 भगतदेवरी थाना सांकरा को पकड़े जिनके पास एवं फड से जुमला रकम ₹19,700, 52 पत्ती तास, एक बोरा और एक इलेक्ट्रिक लैम्प को जप्त किया गया है।



छाल पुलिस द्वारा थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रवीण मिंज के नेतृत्व में द्वारा ग्राम छोटे तेदुमुडी जंगल मार्ग तथा कुकरीचोली पहाडी मार्ग के समीप काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे जुआरियों को रेड कर पकड़ा गया है, जिनके फड एवं पास से ₹13500 रूपये नकद एवं 52 पत्ती ताश की जप्ती की गई है। जुआरियों पर थाना छाल में 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। जुआ रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक प्रवीण मिंज आरक्षक गोविंद बनर्जी, अशोक चौहान, हरेन्द्र पाल सिंह, धीरेन्द्र कुमार, दिलीप कुमार सिदार, केशव सिंह राठिया शामिल थे।

ग्राम छोटे तेदुमुडी जंगल जुआ फड पर पकड़े गये आरोपी-

(1) मोह0 इस्लाम पिता लालबेग उम्र 38 वर्ष साकिन बोजिया रामनगर थाना छाल (2) राकेश दास वैष्णव पिता स्व् दमोदर उम्र 28 वर्ष साकिन घघरा थाना खरसिया (3) लीलधर राठौर पिता घासीराम उम्र 42 वर्ष साकिन सपिया थाना डभरा (4) गिरधारी डनसेना पिता विशम्भर डनसेना उम्र 36 वर्ष साकिन बरभौना थाना छाल (5) सेख सत्तार पिता सेख फरीद उम्र 60 वर्ष साकिन बोजिया रामनगर थाना छाल।

कुकरीचोली पहाडी मार्ग के जुआ फड पर पकड़े गये आरोपी-

(1) आंनद पटेल पिता मनहरण पटेल उम्र 25 वर्ष साकिन पामगढ थाना खरसिया (2) चूडामणी राठिया पिता भूषण सिह उम्र 38 वर्ष साकिन नहरपाली थाना भूपदेवपुर (3) संजय कुमार नायक पिता गौतम नायक उम्र 33 वर्ष साकिन बडे जामपाली थाना भूपदेवपुर (4) ठाकुर राम पटेल पिता बाबूलाल उम्र 36 वर्ष साकिन दर्रामुडा एसकेएस पावर प्लांट थाना भूपदेवपुर।

## नौकरी लगाने के नाम पर 50 लाख की ठगी मामलें में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** सायबर सेल एवं करहीबाजार पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामलें में फरार दो आरोपियों को रायपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 5 साल से फरार थे। दोनों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज है।

मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में कुछ लोगों ने बिलासपुर निवासी राजू साहू पिता शत्रुहन साहू से हाईकोर्ट बिलासपुर में बाबू के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर उससे पांच लाख रूपयें छलपूर्वक ले लिया था इस मामलें में सलीम खान,गौरव जोशी,नारायण ध्रुव तथा दुकलहा धुरव का नाम सामने आया था। इस मामलें की शिकायत शत्रुहन साहू ने करहीबाजार पुलिस थाने में दर्ज कराई थी। शत्रुहन साहू के लिखित आवेदन पर उक्त आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने धारा 420,34 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना दौरान आरोपीगण नारायण ध्रुव पिता गीतुराम ध्रुव उम्र 29 साल साकिन सोनाडीह केंवट मोहल्ला चौकी करहीबाजार एवं रामकुमार ध्रुव उर्फ दुकलहा धुरव पिता स्व. रत्नु राम धुरव उम्र 39 साल साकिन कोसमंदी गौरा चौक थाना पलारी को 5 अप्रेल 2018 को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था तथा दो आरोपी गौरव जोशी और सलीम खान फरार हो गए थे। जिन्हे सूचना के आधार पर शनिवार को पांच साल बाद रायपुर से गिरफ्तार किया गया तथा आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## पति-पत्नी दोनों ने पी रखी थी शराब,विवाद पर पति ने दबाया पत्नी का गला और हो गई मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** शराब की बुरी लत ने एक पति को अपनी ही पत्नी का हत्यारा बना दिया जिससे उनके बच्चे अनाथ हो गए और बसा-बसाया घर एक झटके में टूट गया। घटना बुधवार रात सिटी कोतवाली के नयापारा स्थित वार्ड 11 की है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है जिन्हें आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक वार्ड 11 निवासी मीन कुमार मिरी (39) का पत्नी पदमा मिरी के साथ बुधवार रात करीब 8 बजे किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों एक-दूसरे से मारपीट करने लगे। गुस्से में मीन ने पद्मा का गला पकड़ लिया और देखते ही देखते उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी आरोपी के पुत्र धनंजय ने डायल 112 को दी। जिस पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर रात में ही पीएम के लिए भेज दिया गया। आरोपी पति को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। इधर, घटना के बाद मृतका के परिजन ओडिशा से सीधे महासमुंद थाने पहुंचे और पुलिस से आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की गुहार लगाई।

**हत्या के बाद शव के पास ही बैठा रहा पति-** हत्या करने के बाद आरोपी मीन कुमार मिरी पत्नी के शव के पास बैठा रहा। घटना के कुछ घंटे बाद जब पुलिस पहुंची तो उन्होने उसे गिरफ्तार किया। उसका कहना है कि हत्या कब-कैसे हुई इसकी जानकारी उसे नहीं क्योंकि वह शराब के नशे में धुत था। पत्नी के जमीन पर गिरने के बाद उसे बेहोश समझ वह उसके होश आने के इंतजार में बैठा रहा। पुलिस जब पहुंची तो उसे मालूम हुआ कि पद्मा मर चुकी है। दोनों के चार बच्चे धनंजय, पूजा, अजय और खुशी मिरी हैं जो मां की मौत और पिता के जेल जाने के बाद बेसहारा से हो गए हैं।

**घर पहुंचे पुत्र ने मां को जमीन पर पड़ा देख पुलिस को बुलाया-** रात करीब साढ़े 9 बजे उसके बच्चे जब घर पहुंचे तो धनंजय ने मां पद्मा को जमीन पर पड़ा हुआ और उसके आसपास टूटी हुई चूडिय़ां और सामान बिखरा हुआ देख पुलिस को सूचना दी।

## ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से आवेदनों की संख्या में 57 फीसदी की वृद्धि

❐ लोक सेवा केंद्र शुरू होने के पश्चात अब तक 1.76 करोड़ से अधिक नागरिक विभिन्न सेवाओं से लाभान्वित

❐ समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्प लाईन नम्बर का संचालन

❐ वर्ष 2021 में 32 लाख नागरिकों ने किया आवेदन

**रायपुर (आरएनएस)।** ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत स्थापित लोक सेवा केन्द्रों द्वारा विगत छ: माह में प्रति माह औसतन 3 लाख से अधिक नागरिक विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए आवेदन कर रहे हैं। आवेदनों में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 57 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है । चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समीर विश्नोई ने बताया कि राज्य में विभिन्न विभागों की 126 से अधिक नागरिक सेवाएं निर्धारित समय सीमा में दी जा रही हैं। नागरिकों को जनोपयोगी सेवाओं की उपलब्धता के लिए राज्य में 1475 लोक सेवा केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

समीर विश्नोई ने बताया कि ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के सुचारू संचालन के लिए और नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए चिप्स द्वारा हेल्पडेस्क का संचालन भी किया जाता है, जिसका नम्बर 0771-4013758 है। इस परियोजना की समय-समय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्तर पर समीक्षा भी की जाती है। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल नागरिक सुविधाओं के लिए बनाया गया है और यह सातों दिन चौबीस घंटे की तर्ज पर कार्य कर रहा है। ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में दस्तावेजों को अपलोड करने का कार्य मुख्यत: सम्बन्धित लोक सेवा केंद्र, सी.एस.सी. केंद्र तथा चॉइस सेंटरों द्वारा किया जाता है। हेल्प लाईन नम्बर में विगत 15 दिनों में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक कुल 93 शिकायतों का निराकरण किया गया





वर्ष 2015 में लोक सेवा केंद्र शुरु होने के पश्चात अब तक 1 करोड़ 76 लाख 28 हजार से अधिक नागरिक विभिन्न सेवाओं से लाभान्वित हो चुके हैं। वर्ष 2020 में ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से कुल 20 लाख 61 हजार 805 आवेदन प्राप्त हुए और 19 लाख 46 हजार 636 निराकृत हुए। वर्ष 2021 में आवेदन करने वाले नागरिकों की संख्या बढक़र 32 लाख 37 हजार 953 हो गयी। इस प्रकार वर्ष 2021 में आवेदन करने वाले नागरिकों की संख्या में 57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विगत तीन वर्षों में प्रतिवर्ष औसतन 19 लाख के अनुपात से 57 लाख 36 हजार से अधिक नागरिक विभिन्न शासकीय सेवाओं से लाभान्वित हुए हैं जो कोरोना काल के बावजूद पूर्ववर्ती वर्षों की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक है।

चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि इससे स्पष्ट है कि उक्त सेवाओं से बड़ी संख्या में नागरिक संतुष्ट है, जो योजना की सफलता स्वत: दर्शाती है। चिप्स ने कोरोना काल में अप्रेल 2020 के बाद अत्यंत्य अल्प समय में ऑनलाइन विवाह अनुमति, अस्थाई फटाका लायसेंस, स्थाई फटाका दुकान लायसेंस, पेट्रोल पम्प हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र, होटल व्यपार अनुज्ञप्ति, सिनेमेटोग्राफी एक्ट के तहत सिनेमा लाइसेंस, विस्फोटक सामग्री विक्रय, परिवहन एवं निर्माण हेतु एन.ओ.सी आदि अनेक जनउपयोगी सेवाएँ प्रारंभ की है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480